दैनिक भास्कर

कार्रवाई / 202 टिन नकली घी और 404 टिन नकली तेल के साथ चार गिरफ्तार

Four arrested with 202 tin fake ghee and 404 tin fake oil

Jun 26, 2020, 04:33 AM IST

जोधपुर. महामंदिर पुलिस ने बुधवार देर रात कार्रवाई कर 202 टिन नकली घी और 404 टिन नकली तेल के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी सुमेरदान ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि भदवासिया स्थित सांसी बस्ती में नकली घी व तेल का काम किया जा रहा है। इस पर टीम पहुंची और स्वास्थ्य विभाग की टीम को भी मौके पर बुलाया गया।

मकान नवरतन चौरड़िया का है। जहां नकली घी व तेल पाया गया। पुलिस ने महावीर नगर निवासी दिनेश पुत्र हरकचंद जैन, रूपाबाई का जाव निवासी हितेश पुत्र संजय चौरड़िया, संजय पुत्र हरकचंद जैन और भोजासर निवासी ओमप्रकाश पुत्र बीरमाराम विश्नोई को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 170 खाली टिन, गैस भट्टी और सील सहित अन्य सामग्री भी जब्त की।

Source: https://www.bhaskar.com/local/rajasthan/jodhpur/news/four-arrested-with-202-tin-fake-ghee-and-404-tin-fake-oil-127448341.html